प्रिय पाठकों,

हमारी मासिक पत्रिका 'कॉम्पटीशन पॉवर' की बढ़ती लोकप्रियता और इसके प्रति आप सभी के उत्साह को देखते हुए करियर पावर के सहयोग से बैंकर्स अड्डा आपके लिए लाया है 'कॉम्पटीशन पॉवर' का **सितम्बर अंक**। अंग्रेजी की ही तरह यह पत्रिका हिंदी भाषा का अंक है। बैंकर्स अड्डा और करियर पावर का यह सहयोग इसलिए भी आवश्यक है क्योंकि दोनों ही लंबे समय से प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए महत्वपूर्ण रूप से अत्यधिक सफल साबित हुए हैं। अब से यह दोनों भाषाओं के छात्रों के बीच समान रूप से उपलब्ध होगी।

इस पत्रिका में हमने नई पहल करते हुए बैंकिंग और एसएससी परीक्षाओं के अलग-अलग पहलुओं को संपूर्णता के साथ आपके समक्ष पेश किया है।

आने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए हमने न केवल **जुलाई** महीने के करंट अफेयर्स बल्कि **"करंट अफेयर्स ज़िंगर"** के अंतर्गत **जून** माह के घटनाक्रम को भी शामिल किया है। परीक्षार्थियों के लिए हजारों घटनाओं में से मुख्य और परिक्षापयोगी घटनाक्रम को याद रखने को आसान बनाने के लिए हमने एक और नई शुरुआत- **"न्यूज मेकर ऑफ़ द मंथ"** की है जिसमें खबरों में रहे सभी महत्वपूर्ण व्यक्तियों, नियुक्तियों, पुरस्कारों आदि को एक साथ शामिल किया है।

सामान्य ज्ञान और करंट अफेयर्स को सम्पूर्ण रूप से कवर करने के साथ-साथ हमने परीक्षा के अन्य पहलुओं को भी समान रूप से महत्वपूर्ण समझते हुए, परीक्षा के भिन्न विषयों (तर्कशक्ति, अंग्रेजी, गणित और कम्प्यूटर्स) में से प्रत्येक से सम्बंधित भिन्न टॉपिक कवर किये हैं, जिस पर छात्र अभ्यास कर सकते हैं; या छात्र अपने साक्षात्कार की तैयारी के लिए मार्गदर्शन पाकर अपने आत्मविश्वास को और बढ़ा सकते हैं। हमने इन सभी को 'कॉम्पटीशन पॉवर' में शामिल किया है!!!

इसके साथ ही हमने अपने पाठकों के अभ्यास के लिए **एसएससी सीजीएल टायर 1(गत वर्ष), एसएससी सीजीएल 2017 टायर 1, प्रैक्टिस सेट, आईबीपीएस आरआरबी पीओ 2017 प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट, आईबीपीएस आरआरबी क्लर्क प्रीलिम्स 2017, आईबीपीएस पीओ 2017 प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट व आईबीपीएस पीओ मेंस 2017 प्रैक्टिस सेट** के सम्बंधित परीक्षा पैटर्न पर आधारित प्रेक्टिस सेट भी रखे गए हैं जिनसे वे अपनी गति के साथ-साथ सटीकता (एक्यूरेसी) को भी बढ़ा सकते हैं। पत्रिका के इस अंक में एक नई श्रृंखला **"ट्विस्टेड वंस"** को भी जोड़ा गया है जिसमें प्रश्न उच्च कठिनाई स्तर के साथ होंगे।

मुख्यतया, यह पत्रिका उन सभी छात्रों के लिए एक ही स्थान पर उपलब्ध सम्पूर्ण सामग्री है जो सरकारी क्षेत्र की प्रतिष्ठित नौकरी पाने की तैयारी कर रहे हैं। आरम्भ होने के कुछ ही महीनों में यह पत्रिका छात्रों के बीच इतनी लोकप्रिय हो चुकी है कि छात्र इसे अब अपनी परीक्षा के लिए उपयोगी समझते हैं। हमें विशवास है कि प्रत्येक छात्र में एक छिपी हुई क्षमता होती है जिसके साथ वह ऊंचाइयों तक पहुँच सकता है, और यह जिम्मेदारी हमारी है कि हम उन्हें, उनकी क्षमता को एक मंच प्रदान करें जो परीक्षा में शामिल होने के लिए उन्हें प्रत्येक चुनौती का सामना करने में सक्षम बनाएं।

यह कहते हुए मैं बैंकर्स अड्डा के मेंटर्स और करियर पावर टीम को विशेष धन्यवाद देना चाहूँगा जिन्होंने इस पत्रिका को सफल बनाने में आवश्यक सहयोग दिया।

शुभकामनाएं!
कॉम्पटीशन पॉवर टीम !!

WHAT'S THERE?

- **मोटिवेशनल आलेख | 4**
- **सक्सेस स्टोरी | 8**
- **हैंडी नोट और क्विज :**
  - प्रतिशत (%) | 26
  - प्रिज्म | पिरामिड |चतुर्पाश्विक | छिन्नक | 28
  - अनुक्रम और दिशा | 30
  - IBPS 2017 के लिए लेख | 33
  - कम्प्यूटर लैंग्वेज - OSI मॉडल | 35
  - बैंकिंग: त्वरित सुधारात्मक कार्यवाही (पीसीए) | 37
  - मौर्य राजवंश (भाग-1) | 38
- **जीके हिन्दू रिव्यु : जुलाई 2017 | 39**
- **करेंट अफेयर्स जिंगर : जून 2017| 49**
- **ट्विस्टेड वन | 61-66**
- आईबीपीएस आरआरबी एवं राजभाषा अधिकारी की परीक्षाओं के लिए हिंदी भाषा के अपठित गद्यांश | 67

न्यूज़ मेकर ऑफ द मंथ | 5-7
करेंट अफेयर्स | 9-25
राष्ट्रीय समाचार | राज्य समाचार | बैंकिंग क्षेत्र से सम्बंधित समाचार एवं भारतीय अर्थव्यवस्था से सम्बंधित समाचार | व्यवसायिक समाचार समझौते | एमओयू हस्ताक्षर | कमिटी समाचारों में | नई नियुक्तियां | निधन | पुरस्कार | विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी । प्रतिरक्षा । खेल संसार

मॉक पेपर एवं अभ्यास प्रश्नपत्र | 72-137
एसएससी सीजीएल टायर -I : पिछले वर्ष का मोक पेपर - 72
एसएससी सीजीएल टायर -I 2017 : प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट - 81
आईबीपीएस आरआरबी क्लर्क 2017 : प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट – 89
आईबीपीएस आरआरबी पीओ 2017: प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट – 96
आईबीपीएस पीओ 2017 : प्रीलिम्स प्रैक्टिस सेट – 103
आईबीपीएस पीओ 2017 : मेंस प्रैक्टिस सेट– 113

Volume No. -2 July 2017, Issue - 11
Chief Editor: Gopal Anand
Team: Mansur Alam, Vandana, Prashant, Saurabh, Veer, Nitin & Translation Team
Circulation & Sales Manager: Rajat Mehra
Contact No: 8750044896

Published and Printed by Anil Nagar
On behalf of Metis Eduventures s Pvt. Ltd.
Printed at All Time Offset Printer,
F-406, Sector-63, NOIDA (U.P.)

Published at A-2, 201-208, 2nd Floor, Pragati Deep Building, Plot No. 8, District Centre, Laxmi Nagar, Delhi-110092
Email: info@adda247.com
Website: www.bankersadda.com & www.careerpower.in

Motivational : संघर्षों से दोस्ती दिलाएगी सफलता

अपने जीवन में सफल बनना सभी चाहते हैं। हम सभी एक लक्ष्य बनाकर उसके लिए मेहनत करते हैं। संघर्ष ही जीवन है। जीवन संघर्ष का ही दूसरा नाम है। इस सृष्टि में छोटे-से-छोटे प्राणी से लेकर बड़े-से-बड़े प्राणी तक, सभी किसी-न-किसी रूप में संघर्षरत हैं। जीवन में हम संघर्ष करते रहते हैं कभी स्वयं के साथ, तो कभी परिस्थितियों के साथ।

हमें तरह-तरह के संघर्षों का सामना आए दिन करना पड़ता है और इनसे जूझना होता है, जो इन संघर्षों का सामना करने से कतराते हैं, वे जीवन से भी हार जाते हैं, जीवन भी उनका साथ नहीं देता। हम जिन व्यक्तियों को सफलता की ऊँचाइयों पर देखते हैं, उनका भूतकाल अगर हम देखेंगे तो हमें जानने को मिलेगा की यह सफलता जीवन के साथ बहुत संघर्ष से प्राप्त हुई है। इस विचार को हम दी गयी लघुकहानी से समझ सकते हैं।

स्पेन में जन्मे पेब्लो पिकासो स्पेन के महान चित्रकार थे। वे बीसवीं शताब्दी के सबसे अधिक चर्चित, समृद्ध कलाकार थे। आज भी उनकी पेंटिंग्स दुनिया भर में करोड़ों और अरबों रुपयों में बिकती रही हैं। एक दिन की बात है रास्ते से गुजरते समय एक महिला की नजर पिकासो पर पड़ी और संयोग से उस महिला ने उन्हें पहचान लिया। वह दौड़ी हुई उनके पास आई और बोली, 'सर, मैं आपकी बहुत बड़ी फैन हूं। आपकी पेंटिंग्स मुझे बहुत ज्यादा पसंद हैं। क्या आप मेरे लिए भी एक पेंटिंग बनाएंगे?

'पिकासो हंसते हुए बोले, 'मैं यहां खाली हाथ हूं। मेरे पास कुछ भी नहीं है। मैं फिर कभी आपके लिए एक पेंटिंग बना दूंगा।' लेकिन उस महिला ने भी जिद पकड़ ली, 'मुझे अभी एक पेंटिंग बना दीजिए, बाद में पता नहीं मैं आपसे मिल पाऊंगी या नहीं।' पिकासो ने जेब से एक छोटा सा कागज निकाला और अपने पेन से उस पर कुछ बनाने लगे। करीब 10 सेकेण्ड के अंदर पिकासो ने पेंटिंग बनायीं और कहा, 'यह लो, यह मिलियन डॉलर की पेंटिंग है।'

महिला को बड़ा अजीब लगा कि पिकासो ने बस 10 सेकेण्ड में जल्दी से एक काम चलाऊ पेंटिंग बना दी है और बोल रहे हैं कि मिलियन डॉलर की पेंटिग है। उसने वह पेंटिंग ली और बिना कुछ बोले अपने घर आ गई।

उसे लगा पिकासो उसको मूर्ख बना रहे हैं। वह बाजार गई और उस पेंटिंग की कीमत पता की। उसे बड़ा आश्चर्य हुआ कि वह पेंटिंग वास्तव में मिलियन डॉलर की थी। वह भागी-भागी एक बार फिर पिकासो के पास आई और बोली, 'सर आपने बिलकुल सही कहा था। यह तो मिलियन डॉलर की ही पेंटिंग है।'

पिकासो ने कहा, 'मैंने तो आपसे पहले ही कहा था।' वह महिला बोली, 'सर, आप मुझे अपनी स्टूडेंट बना लीजिए और मुझे भी पेंटिंग बनानी सिखा दीजिए। जैसे आपने 10 सेकेण्ड में मिलियन डॉलर की पेंटिंग बना दी, वैसे ही मैं भी 10 सेकेण्ड में न सही, 10 मिनट में ही अच्छी पेंटिंग बना सकूं, मुझे ऐसा बना दीजिए।' पिकासो ने हंसते हुए कहा, 'यह पेंटिंग, जो मैंने 10 सेकेण्ड में बनायी है। इसे सीखने में मुझे 30 साल का समय लगा है। मैंने अपने जीवन के 30 साल सीखने में दिए हैं। तुम भी दो, सीख जाओगी। वह महिला हैरान और निःशब्द होकर पिकासो को देखती रह गई।

यह सच है कि जब हम किसी सफल व्यक्ति को देखते हैं, तो हमें केवल उसकी सफलता ही दिखाई देती है, हमें यह पता नहीं चलता कि इस सफलता के पीछे कितना बड़ा संघर्ष रहा है, दूसरों को सफल होता देखकर, हमें यह सब बड़ा आसान लगता है। हम कहते हैं, वह बड़ी जल्दी और बड़ी आसानी से सफल हो गया। उसने कितने वर्ष तक कड़ी मेहनत की है, यह कोई नहीं देखता। सफलता का केवल एक ही रास्ता है- संघर्ष। संघर्ष से ही सफलता मिलती है, जिसका कोई शार्ट कट नहीं होता।

दरअसल, जब व्यक्ति अपने संघर्षों से दोस्ती कर लेता है, प्रसन्नता के साथ उन्हें अपनाता है, उत्साह के साथ चलता है तो संघर्ष का सफर उसका साथ देता है और उसे कठिन-से-कठिन डगर को पार करने में मदद करता है। लेकिन यदि व्यक्ति जबरन इसे अपनाता है, बेरुखी के साथ इस मार्ग पर आगे बढ़ता है, तो वह भी ज्यादा दूर तक नहीं चल पाता, बड़ी कठिनाई के साथ ही वह थोड़ा-बहुत आगे बढ़ पाता है। जब जीवन में एवरेस्ट जैसी मंजिल हो और उस तक पहुँचने के लिए कठिन संघर्षों का रास्ता हो, तो घबराने से बात नहीं बनती, संघर्षों को अपनाने से ही मंजिल मिल पाती है। जब हम संघर्ष करते हैं, तभी हमें अपने बल व सामर्थ्य का पता चलता है। संघर्ष करने से ही आगे बढ़ने का हौसला, आत्मविश्वास मिलता है और अंततः हम अपनी मंजिल को हासिल कर लेते हैं।

वन्दना शर्मा

News Makers of the Month: June-July 2017

जी20 सम्मेलन का समापन, भारत के रुख को भरपूर समर्थन

जर्मन शहर हैम्बर्ग में जी20 देशों का शिखर सम्मेलन आंशिक असहमति के साथ समाप्त हो गया. भारत इस सम्मेलन के फैसलों पर संतोष व्यक्त कर सकता है.प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए आतंकवाद का मुद्दा भारत की प्रगति के अहम मुद्दों से साथ जुड़ा हुआ है. भारत सालों से आतंकवाद का शिकार है और उसे अपना बहुमूल्य संसाधन आतंकवाद से लड़ने पर खर्च करना पड़ता है.

- जी20 सम्मेलन में एक सुर में हिंसक प्रदर्शनकारियों की कार्रवाई की कड़ी निंदा हुई लेकिन पर्यावरण सुरक्षा और व्यापार से जुड़े मुद्दों पर कुछ मतभेद बरकरार रहे. अमेरिका और रूस सीरिया में अस्थायी संघर्षविराम पर सहमत हुए.
- जी20 शिखर सम्मेलन के समापन पर मेजबान जर्मन चांसलर अंगेला मैर्केल ने खास तौर पर पुलिस अधिकारियों से मुलाकात करके उनका शुक्रिया अदा किया. इन अधिकारियों ने सम्मेलन में हिस्सा लेने आये राष्ट्र और सरकार प्रमुखों और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधि मंडलों की सुरक्षा सुनिश्चित की है.
- सभी 20 सदस्यों के बीच सहमति सिर्फ इस पर बनी कि वित्तीय बाजारों का नियमन जारी रखा जाए, आतंकवाद और टैक्स चोरी का मुकाबला किया जाए. 2008 के वित्तीय संकट के बाद बेहद महत्वपूर्ण होने वाले इस समूह का मुख्य एजेंडा यही है.
- अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने इस शिखर सम्मेलन को अपना अंतरराष्ट्रीय अलगाव खत्म करने और दोतरफा मुलाकातों के लिए इस्तेमाल किया. उन्होंने जर्मन चांसलर के नेतृत्व की भी तारीफ की.
- अमेरिका और रूस की नजर में, इस शिखर सम्मेलन में सबसे अहम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति पुतिन की मुलाकात रही. दोनों नेताओं ने सीरिया में अस्थायी संघर्षविराम पर सहमति जतायी.
- अमेरिकी प्रशासन की नजर में, यह डॉनल्ड ट्रंप की एक जीत है. रूसी राष्ट्रपति का कहना था कि और अधिक द्विपक्षीय सहयोग के लिए एक बुनियाद रख दी गयी है. उनका कहना था कि टीवी पर और असल में नजर आने वाले ट्रंप में स्पष्ट रूप से अंतर है.

विशेष बिंदु

- **अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग**

जर्मन चांसलर अंगेला मैर्केल ने कहा कि जी20 अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ज्यादा सहयोग करने के लिए तैयार है. हैम्बर्ग में जी20 शिखर सम्मेलन के समापन पर होने वाली एक प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने साफ तौर पर कहा कि मिलजुल कर ही समस्या के समाधान और विकास को मुमकिन बनाया जा सकता है. उन्होंने कहा कि जी20 के सदस्य संरक्षणवाद के खिलाफ और निष्पक्ष व्यापारिक नीतियों के प्रति कृतसंकल्प हैं.

- **अफ्रीका के साथ साझीदारी की शुरुआत**

चांसलर मैर्केल को इस दौरान एक ऐसी कामयाबी भी हासिल हुई जो उनके दिल के करीब है. अफ्रीका में साझीदारी और निवेश के लिए एक नये समझौते की शुरुआत हो गयी है. सहमति हुई है कि अफ्रीकी अर्थव्यवस्था की कारोबारी संस्थाओं में प्रत्यक्ष निवेश को बढ़ाने के लिए कोशिशें की जायेंगी.

आईफा पुरस्कार 2017: विजेताओं की सूची

इंटरनेशनल इंडियन फिल्म अकैडमी पुरस्कारों का 18 वां संस्करण न्यूयॉर्क में आयोजित किया गया. सोनम कपूर की फिल्म नीरजा को सर्वश्रेष्ठ फिल्म पुरस्कार प्रदान किया गया। अभिनेता शाहिद कपूर को उड़ता पंजाब में उनकी भूमिका के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार मिला, जबकि अलीया भट्ट को उसी फिल्म के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला.

आईआईएफए 2017 विजेताओं की सूची:

सर्वश्रेष्ठ फिल्म- नीरजा

- **सर्वश्रेष्ठ निर्देशक- पिंक के लिए अनिरुद्ध रॉय चौधरी**
- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) - उड़ता पंजाब के लिए शाहिद कपूर**

- **सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - उड़ता पंजाब के लिए आलिया भट्ट**
- **सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री - नीरजा के लिए शबाना आज़मी**
- **सहायक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (पुरुष) - एमएस धोनी: अनटॉल्ड स्टोरी के लिए अनुपम खेर**
- **बेस्ट डेब्यूट (महिला): एमएस धोनी: अनटॉल्ड स्टोरी के लिए दिशा पटानी**
- **बेस्ट डेब्यूट (पुरुष) - उड़ता पंजाब के लिए दिलजीत दोसांज**
- **सर्वश्रेष्ठ गीतकार- अमिताभ भट्टाचार्य, चन्ना मेरे या (ऐ दिल है मुश्किल)**
- **बेस्ट प्लेबैक सिंगर (पुरुष) - अईत मिश्रा (ऐ दिल है मुश्किल)**
- **बेस्ट प्लेबैक सिंगर (महिला) - उड़ता पंजाब के लिए कनिका कपूर और एयरलिफ्ट के लिए तुलसी कुमार**
- **सर्वश्रेष्ठ संगीत निर्देशन- ऐ दिल है मुश्किल के लिए प्रीतम**
- **कॉमिक भूमिका में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता- डिशुम के लिए वरुण धवन**
- **मिंत्रा स्टाइल आइकन पुरस्कार- आलिया भट्ट**
- **आईआईएफए वुमन ऑफ़ दी इयर - तापसी पन्नु**

प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा

इजरायल के प्रधानमंत्री श्री बेंजामिन नेतान्याहू के आमंत्रण पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने 4-6 जुलाई 2017 को इजरायल की यात्रा की। दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर भारत के प्रधानमंत्री की यह पहली ऐतिहासिक यात्रा दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी के साथ द्विपक्षीय संबंधों को बढ़त मिली और दोनों देशों के लोगों के बीच स्थायी मित्रता मजबूत हुई।

प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा के दौरान हुए समझौतों की सूची

1. भारत-इजरायल औद्योगिक शोध एवं विकास व प्रौद्योगिक नवोनमेष कोष(आई4एफ) की स्थापना के लिए भारत के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग और इजरायल के राष्ट्रीय तकनीकी नवाचार प्राधिकरण के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर
2. भारत में पेय जल संरक्षण के लिए भारतयी गणराज्य के पेयजल और स्वच्छता मंत्रालय और इजरायल के राष्ट्रीय अवसंरचना, ऊर्जा और जल संसाधन मंत्रालय के बीच समझौता हुआ।
3. भारत में राज्य जल उपयोगिता सुधार के लिए भारतीय गणराज्य के उत्तर प्रदेश सरकार के जल निगम और इजरायल के राष्ट्रीय अवसंरचना, ऊर्जा और जल संसाधन मंत्रालय के बीच समझौता हुआ।
4. भारत-इजरायल विकास सहयोग - कृषि क्षेत्र में 2018-2020 के लिए तीन वर्षीय कार्यक्रम
5. परमाणु घड़ियों में सहयोग को लेकर भारतीय अंतरिक्ष शोध अनुसंधान संगठन (इसरो) और इजरायल अंतरिक्ष एजेंसी(आईएसए) के बीच समझौता
6. जियो-लियो ऑप्टिकल लिंक के संबंध में भारतीय अंतरिक्ष शोध अनुसंधान संगठन (इसरो) और इजरायल अंतरिक्ष एजेंसी (आईएसए) के बीच समझौता
7. छोटे सैटेलाइट के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रोप्लसन को लेकर भारतीय अंतरिक्ष शोध अनुसंधान संगठन (इसरो) और इजरायल अंतरिक्ष एजेंसी (आईएसए) के बीच समझौता

एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप 2017

भारत के भुवनेश्वर में भारत ने आखिरी दिन पांच स्वर्ण पदकों पर कब्जा किया| एशियन एथलेटिक्स चैम्पियनशिप के इतिहास में यह पहली बार था, जब भारत पदक तालिका में शीर्ष स्थान पर पहुंचा, वहीँ चीन इस दुसरे स्थान पर रहा| साथ ही, भारत ने अंतिम चौथे इन 29 पदकों के साथ (12 स्वर्ण, 5 रजत और 12 कांस्य), चैम्पियनशिप के साथ समापन किया, जो पदक तालिका में सबसे अधिक रहे| चीन इस चेम्पियनशिप में दूसरे स्थान पर रहा, जिसे 8 स्वर्ण, 7 रजत, 5 कांस्य हासिल हुए| कजाकिस्तान का खाता तीसरे स्थान पर 4 स्वर्ण, 2 रजत, 2 कांस्य पदकों के साथ बंद हुआ| ईरान चौथे स्थान पर रहा|

नीचे भारत के सभी विजेताओं की पूरी सूची दी गयी है-

NATION	GOLD	SILVER	BRONZE	TOTAL
INDIA	06	03	06	15
PR OF CHINA	04	03	03	10
ISLAMIC REPUBLIC OF IRAN	03	00	01	04
KAZAKHSTAN	01	01	01	03
VIETNAM	01	01	00	02

स्वर्ण पदक विजेता

विजेता	इवेंट
मोहम्मद अनस वाई	पुरुषमीटर रन 400
अजुय कुमार सरोज	पुरुषमीटर रन 1500
जी लक्ष्मण	पुरुषमीटर रन 5000
जी लक्ष्मण	पुरुषमीटर रन 10000
नीरज चोपड़ा	पुरुष भाला फेंक
कुंजू मोहम्मद / आमोज जैकब / मोहम्मद अनस वाई / एरोक्यू राजीव	पुरुष 4xमीटर रिले 100
चित्रा पी यू	महिला 1500मी रन
सुधा सिंह	महिला 3000मी स्टीप्लेचेज
मनप्रीत कौर	महिला शॉट पुट
देबश्री मजूमदार / एमआर पोवाम्मा / जिस्ना मैथ्यू / निर्मला	महिला 4xमीटर रिले 100
स्वप्न बर्मन	महिला हेप्टाथलॉन
निर्मला	महिला 400 मीटर रन

रजत पदक विजेता

विजेता	इवेंट
एरोक्यू राजीव	पुरुष 400 मीटर रन
गोपी ठोंक्ल	पुरुष 10000 मीटर रन
ताजिंदर पाल सिंह तोर	पुरुष शॉट पुट
नीना वी	महिला लंबी कूद
अनु आर	महिला 400 मीटर बाधा दौड़

कांस्य पदक विजेता

विजेता	इवेंट
जिनसन जॉनसन	पुरुष मीटर 800दौड़
जबीर एमपी	पुरुष मीटर बाधा दौड़ 400
विकास गौड़ा	पुरुष डिस्कस थ्रो
दवेन्द्र सिंह कांग	पुरुष भाला फेंक

दती चंद	महिला 100 मीटर दौड़
जिस्ना मैथ्यू	महिला 400 मीटर दौड़
संजीवनी जाधव	महिला 5000 मीटर दौड़
नयना जेम्स	महिला लम्बी कूद
शीना एनवी	महिला ट्रिपल जम्प
अन्नू रानी	महिला जेवलिन थ्रो
मर्लिन के जोसेफ / हिमाश्री रॉय / श्रीबानी नंदा / दती चंद	महिला 4xमीटर रिले 100
पूर्णिमा हेमब्रम	महिला हेप्टाथलॉन

विंबलडन 2017 - विजेताओं की सूची

विंबलडन चैंपियनशिप टेनिस टूर्नामेंट के 131 वें संस्करण का आयोजन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस और क्रॉक्वेट क्लब, विंबलडन, लंदन, यूनाइटेड किंगडम में 3 से 16 जुलाई 2017 को किया गया.

यह ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस क्लब और अंतर्राष्ट्रीय टेनिस फेडरेशन द्वारा आयोजित किया गया था और यह एटीपी वर्ल्ड टूर, डब्ल्यूटीए टूर, आईटीएफ जूनियर टूर और एनईसी टूर का हिस्सा है. यहां विंबलडन 2017 की विभिन्न श्रेणियों में सभी विजेताओं की पूरी सूची दी गयी है.

वर्ग	विजेता	उप विजेता
पुरुष एकल	रोजर फेडरर (स्विटज़रलैंड)	मैरिन सिलिक (क्रोएशिया)
महिला एकल	गर्बाइन मुगुर्ज़ा (स्पेन)	वीनस विलियम्स (यूएस)
पुरुष युगल	लुकाज़ कुबोत (पोलैंड) और मारसेलो मेलो (ब्राज़ीलिया)	ऑलिवर मैराच (ऑस्ट्रिया) और मेट पाविक (क्रोएशिया)
महिला युगल	एकातेरिना मकारोवा (रूस) और एलेना वेसनिना (रूस)	मोनिका निकुल्स्कु (रोमानिया) और चान हाओ-चिंग (चीनी)
मिश्रित युगल	जेमी मरे (यूके) और मार्टिना हिंगिस (स्विटजरलैंड)	हीथ वाटसन (यूके) और हेनरी कॉंटिनेन (फिनलैंड)

Success Story : “कठिन परिश्रम कभी भी अपुरस्कृत नहीं रहता”: शुभम पटेल (यूनियन बैंक ऑफ़ इंडिया पीओ)

मेरा नाम शुभम पटेल है, मैं मध्यप्रदेश राज्य के सागर नामक जिले से हूं मैंने इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी (2015) में इंजीनियरिंग से स्नातक की है
सबसे पहले मैं अपने परिवार, मेरे दोस्तों और BANKERSADDA TEAM को 2016 की सबसे कठिन बैंकिंग परीक्षाओं में सफलता पाने के लिए धन्यवाद करना चाहूंगा. किसी भी परीक्षा में सफलता पाने के लिए “BANKERSADDA” सबसे अच्छा प्लेटफार्म है, इससे मुझे अपने कमजोर विषय GENERALAWARENESS को मजबूत करने में मदद मिली.

अब आप में से अधिकांश लोग सोचेंगे कि इंजीनियरिंग के बाद बैंकिंग क्यों? इसलिए सबसे पहले मैं यह कहना चाहूंगा कि हर कोई समाज में सम्मान चाहता है और मुझे लगता है कि बैंक कर्मचारी समाज में ज्यादा सम्मान प्राप्त करते है.

इसलिए मैंने बैंक की नौकरियों के लिए तैयारी शुरू कर दी लेकिन मेरे मन में मुख्य प्रश्न ये था कि मुझे अध्ययन क्या करना है? बैंकिंग परीक्षा के अध्ययन के लिए कोचिंग कहां से ली जाए? और इसका पैटर्न क्या हैं? ये सब समझने के लिए मैंने एसबीआई पीओ, आईबीपीएस पीओ, आईबीपीएस क्लर्क आदि परीक्षाओं के फॉर्म फिल किया ताकि मैं परीक्षा के पैटर्न देख सकूं, क्योंकि बहुत से लोग कह रहे थे कि "पैटर्न में परिवर्तन किया जा रहा है. लेकिन दोनों पीओ परीक्षा के प्रथम पाली में मैं विफल रहा. क्योंकि मैं बैंक पीओ स्तर के ज्ञान प्राप्त करने में सक्षम नहीं हो पा रहा था, किसी तरह मैं क्लर्क परीक्षा की प्रथम पाली परीक्षा को पास करने में सफलता तो प्राप्त कर ली लेकिन मै अपने कमजोर GENERAL AWARENESS के कारण इसकी मुख्य परीक्षा के कट-ऑफ से काफी दूर था,

मेरे क्लर्क मैन्स परीक्षा के बाद मेरे दोस्त ने मुझे GENERAL AWARENESS सेक्शन के लिए BANKERSADDA से जुड़ने को कहा. फिर मुझे एहसास हुआ कि मुझे एक उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है, इसलिए मैं फरवरी माह में एक कोचिंग सेंटर में शामिल हुआ, जहां से मुझे उचित मार्गदर्शन मिला, तब मैंने अपनी तैयारी उचित तरीके से शुरू कर दी, और उस समय मुझे स्पीड टेस्ट के बारे में भी पता चला तो मैंने स्पीड टेस्ट हल करना शुरू कर दिया और 11 महीने के समुचित अध्ययन और कड़ी मेहनत के बाद 11मार्च 2017 को शाम 8 बजे मेरे जन्मदिन पर परीक्षा के सफल परिणाम के रूप में मुझे उपहार मिला.
मैंने आईबीपीएस आरआरबी ऑफिस सहायक की परीक्षा पास कर ली थी. और इसके सिर्फ 21 दिन बाद मै आईबीपीएस पीओ और आईबीपीएस क्लर्क दोनों में चयन हुआ. मेरे आईबीपीएस पीओ में चयनित होने पर मेरी माँ, पिताजी, भाई, बहनों और दोस्त सभी बहुत खुश थे, यह मेरे जीवन का सबसे खुशी भरा क्षण था क्योंकि में हाथ में तीन-तीन नौकरियां थीं.
मेरी विफलताएँ :-

एसबीआई पीओ (2015) –मेरे सिर्फ 22 अंक थे जबकि कट-ऑफ सिर्फ 47.5 था
आईबीपीएस पीओ (2015) –मेरे सिर्फ 37 अंक थे जबकि कट-ऑफ 37.25 था
आईबीपीएस क्लर्क (2015) –मेरे प्रथम पाली में 58.5 अंक औरमुख्य परीक्षा में 113,कट-ऑफ 143 था
यूआईआईसी एओ (2016) –इस परीक्षा में सिर्फ 109.25 अंक थे और कट-ऑफ120 के आस-पास थी
एसबीआई पीओ (2016) –प्रथम पाली में 57.5अंक और मुख्य परीक्षा में 87अंक जबकि कट-ऑफ 90था
एसबीआई क्लर्क (2016) –प्रथम पाली में 77.5 और मुख्यपरीक्षा में समय पर परीक्षा स्थल पर नहीं पहुंच पाया.

बॉब पीजीडीबीएफ (2016) –इसके अंतिम चयनमें चयनित नही हो पाया.
बीओएम पीजीडीबीएफ, सिंडिकेट पीजीडीबीएफ- दोनों लिखित में बहुत कम स्कोर103.75 और 83 क्रमशःप्राप्त किया.
आईबीपीएस आरआरबी (ओएस 1) –प्री में64.5 अंक और मुख्य परीक्षा में 95.5 जबकि कटऑफ 111 थी
भारतीय रिजर्व बैंक सहायक (2016) - 80.75 अंक प्राप्त किया और इसके मुख्य परीक्षा में चयन हेतु 1.25 अंक रह गया.
इसलिए मैं सिर्फ यह कहना चाहता हूं कि सफलता कड़ी मेहनत,समर्पण, व्यवहार, और सबसे महत्वपूर्ण बात "धैर्य" पर निर्भर करती है.इसलिए दोस्तों कभी भी हार नहीं मानो और धैर्य रखो, आप निश्चित तौर पर सफलता हासिल करोगे क्योंकि "कठोर परिश्रम कभी भी बेकार नही जाता”

चयनित हुआ:-
आईबीपीएस आरआरबी (ओए) - नर्मदा झाबुआ ग्रामीण बैंक में चयनित.
आईबीपीएस पीओ (2016) - यूनियन बैंक ऑफ इंडिया में चयनित.
आईबीपीएस लिपिक (2016) –सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया (एम.पी.) में चयनित.
आरआरबी (एनटीपीसी) - परिणाम की प्रतीक्षा में.

"आप सभी को शुभकामनाएं"

CURRENT AFFAIRS : 16th June to 17th July 2017

राष्ट्रीय समाचार

महत्वपूर्ण कैबिनेट स्वीकृति: 22 जून 2017

प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विभिन्न क्षेत्रों में निम्नलिखित समझौतों और एमओयू को मंजूरी दी है।

कैबिनेट स्वीकृति-

1. **भारत और नीदरलैंड** के बीच द्विपक्षीय **सामाजिक सुरक्षा समझौते (एसएसए)** का संशोधन **"देश का निवास"** (“**Country of Residence**”) को शामिल किया गया ।
2. जल संसाधन प्रबंधन के क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग के लिए जल संसाधन मंत्रालय, नदी विकास और गंगा कायाकल्प और नीदरलैण्ड के पर्यावरण मंत्रालय के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गए।
3. भारतीय नौसेना सामग्री प्रबंधन सेवा (आईएनएमएमएस) का गठन एक संगठित समूह 'ए' इंजीनियरिंग सेवा के रूप में किया गया।
4. भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच कपडा, वस्त्र और फैशन क्षेत्र में सहयोग पर समझौता ज्ञापन। भारत और अर्मेनिया के बीच बाहरी अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग में सहयोग के संबंध में ज्ञापन ज्ञापन।
5. भारत और श्रीलंका के बीच चिकित्सा और होम्योपैथी के पारंपरिक सिस्टम में सहयोग के लिए समझौता ज्ञापन।

शैक्षिक संस्थानों द्वारा छात्रों को दी जानेवाली सेवाएं जीएसटी दायरे से बाहर

केंद्र सरकार ने शैक्षिक संस्थानों द्वारा छात्रों को दी जानेवाली सुविधाओं को जीएसटी के दायरे से बाहर रखे जाने की घोषणा की है। केंद्र सरकार द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि शैक्षिक संस्थानों द्वारा अपने छात्रों से छात्रावास के लिए वसूले जाने वाले लॉजिंग- बोर्डिंग शुल्क पर जीएसटी लागू नहीं है। वित्त मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि किसी शैक्षिक संस्थान द्वारा अपने छात्रों अध्यापकों और कमचारियों को दी जानेवाली सेवाएं और छात्रों के छात्रावास जीएसटी से बाहर हैं।

NGT ने नायलॉन और सिंथेटिक मंजा पर राष्ट्रव्यापी प्रतिबंध लगाया

नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने 'चीनी' पतंग के धागे के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया, जो नायलॉन या किसी सिंथेटिक सामग्री से बना है, क्योंकि यह जीवन और पर्यावरण के लिए खतरा बन गया है। ट्राइब्यूनल ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिया कि वे सिंथेटिक मंजा या नायलॉन धागे के"निर्माण, बिक्री, भंडारण, खरीद और उपयोग" पर रोक लगाई जाए और तत्काल प्रभाव से पतंग उड़ाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले अन्य सभी सिंथेटिक धागे को निषेध करें।

राष्ट्रपति ई-शिक्षा पर 3 डिजिटल पहल की शुरूआत की

ई-शिक्षा और देश को बढ़ाने के लिए **नई दिल्ली में राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी ने** - **स्वयं, स्वयं प्रभा और नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी** - डिजिटल पहल की शुरूआत की है। पहल का उद्देश्य 2020 तक 30 **सकल नामांकन अनुपात और उच्च शिक्षा 24।5** तक बढ़ाने के लिए है।

भारत ने स्वयं को H5N1 और H5N8 बर्ड फ्लू से मुक्त घोषित किया

भारत ने अत्यधिक **रोगजनक एवियन इंफ्लुएंजा (एच5एन1 और एच5एन8)** से मुक्त घोषित किया, यह घोषणा राज्यों में निगरानी के बाद तथा इसकी उपस्थिति का कोई संकेत न मिलने के बाद की गयी। इसे विश्व स्वास्थ्य संगठन (ओआईई) के लिए सूचित किया गया है।

देश के सबसे बड़े वैश्विक कौशल पार्क की आधारशिला रखी गयी

केन्द्रीय कौशल विकास और उद्यमिता राज्य मंत्री **राजीव प्रताप रूडी** और मध्य-प्रदेश के मुख्यमंत्री **शिवराज सिंह चौहान** ने **भोपाल** में देश के सबसे बड़े वैश्विक कौशल पार्क की आधारशिला रखी है।

आधार कार्ड नेपाल, भूटान की यात्रा के लिए वैध नहीं: गृह मंत्रालय

केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, आधार नेपाल और भूटान की यात्रा करने वाले भारतीयों के लिए एक वैध पहचान दस्तावेज नहीं है। भारतीय नेपाल और भूटान - दोनों देशों की यात्रा बिना वीजा के कर सकते हैं - यदि उनके पास वैध राष्ट्रीय पासपोर्ट हो या चुनाव आयोग द्वारा जारी चुनाव पहचान पत्र हो।

हरियाणा की मानुषी चिल्लर ने जीता फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2017 का ख़िताब

हरियाणा की मानुषी चिल्लर ने 54 वां फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2017 का ख़िताब जीता**,** जबकि पहले रनर-अप जम्मू-कश्मीर की **साना दुआ**रही और दूसरी रनर-अप बिहार से **प्रियंका कुमारी** रही।

बिहार के राज्यपाल रामनाथ कोविंद ने इस्तीफा दिया

बिहार के राज्यपाल **रामनाथ कोविंद** ने अपने गवर्नर पद से इस्तीफा दे दिया है। यह इस्तीफा एनडीए के राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन करते हुए दिया हैं। राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने बिहार के राज्यपाल के रूप में कोविंद के इस्तीफे को स्वीकार कर लिया है।

रेलवे ने भारत की पहली सौर ऊर्जा वाली डेमू ट्रेन की शुरूआत की

पर्यावरण अनुकूल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए **भारतीय रेल ने अपनी पहली 1,600 एचपी सौर ऊर्जा वाली डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डीईएमयू) ट्रेन को सफदरजंग स्टेशन, नई दिल्ली से बैटरी बैंक** की विशिष्ट सुविधा के साथ शुरू किया।

भारत, सड़क परिवहन पर यूएन इंटरनेशनल कन्वेंशन का अनुसमर्थन करने वाला 71वां देश बना

भारत, सड़क परिवहन के लिए **संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन (International Convention on Road Transports, TIR)** का अनुसमर्थन करने वाला **71वां देश** बन गया है। यह कन्वेन्शन माल के अंतर्राष्ट्रीय परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक बहुपक्षीय संधि है। TIR - आईआरयू, विश्व सड़क परिवहन संगठन द्वारा प्रबंधित और विकसित किया गया है।

बेंगलुरु में Mypetrolpump की शुरुआत, भारत का पहला शहर जहाँ घर पर डीजल उपलब्ध

बेंगलुरु देश का पहला शहर बन गया जहां कोई व्यक्ति अपने घर पर ही ईंधन प्राप्त कर सकता है, दूध और समाचार पत्रों की तरह ही कोई व्यक्ति अपने घर पर ही ईंधन प्राप्त कर सकता है, एक सप्ताह बाद तेल मंत्रालय ने घोषणा की कि केंद्र इस तरह की प्रणाली को चलाने की सोच रहा था।

सरकार ने जीएसटी को बढ़ावा देने के लिए अमिताभ बच्चन को अनुबंधित किया

सरकार ने बॉलीवुड मेगास्टार **अमिताभ बच्चन** को गुड्स एंड सर्विस टैक्स (जीएसटी) को बढ़ावा देने के लिए अनुबंधित किया, जोकि 1 जुलाई से निर्धारित करों के व्यापक सुधार के कार्यान्वयन के लिए पहल है।

रेलवे ने रेलसारथी मोबाइल ऐप लॉन्च किया

भारतीय रेलवे ने टिकट बुकिंग से अधिक की विभिन्न यात्री आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए एक एकीकृत मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च किया।यह नया ऐप एक ही मंच पर पूछ-ताछ, ऑन-बोर्ड क्लीनिंग और खाने का आर्डर करने की सुविधा प्रदान करेगा। इस ऐप का नाम **Rail SAARTHI** (रेल सारथी) है और रेल मंत्री द्वारा इसकी शुरुआत की गयी।

रेलवे ने भारत की पहली सौर ऊर्जा वाली डेमू ट्रेन की शुरूआत की

पर्यावरण अनुकूल प्रणाली को बढ़ावा देने के लिए **भारतीय रेल ने अपनी पहली 1,600 एचपी सौर ऊर्जा वाली डीजल इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट (डीईएमयू) ट्रेन को सफदरजंग स्टेशन, नई दिल्ली से बैटरी बैंक** की विशिष्ट सुविधा के साथ शुरू किया।

भारतीय वैज्ञानिकों ने आकाशगंगाओं के सुपरक्लस्टर 'सरस्वती' की खोज की

देश में पहली बार, भारतीय वैज्ञानिकों की एक टीम ने ब्रह्मांड में **"आकाशगंगाओं के बहुत बड़े सुपरक्लस्टर" सरस्वती** की खोज करने का दावा किया है।

दिल्ली पुलिस को 'सुपर पुलिस बेल्ट' से सुसज्जित किया जाएगा

राष्ट्रीय राजधानी पुलिस पहली ऐसी राज्य पुलिस होगी, जिसे 'सुपर पुलिस बेल्ट, एक विशेष रूप से तैयार की गयी बेल्ट प्रदान की जायेगी, जोकि ब्रिटेन, संयुक्त राज्य अमेरिका, और रूस की पुलिस द्वारा प्रयोग किया जाता है तथा सीआरपीएफ, सीआईएसएफ, एनएसजी आदि जैसे अर्ध-सैनिक बलों द्वारा व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

भारत का पहला उच्च गति रेल प्रशिक्षण केन्द्र गुजरात, गांधीनगर स्थापित किया जायेगा

देश, **गांधीनगर** में अपना पहला **उच्च गति रेल प्रशिक्षण केन्द्र स्थापित** करने के लिए तैयार है। केंद्र अत्याधुनिक तकनीकों को उन्नत करने के लिए उन्नत प्रशिक्षण मॉड्यूल प्रदान करेगा।

भारत 2018 में थिएटर ओलंपिक के 8वें संस्करण की मेजबानी करेगा

भारत 2018 में थिएटर ओलंपिक्स के 8 वें संस्करण की मेजबानी करेगा, यह विश्व का सबसे बड़ा थिएटर महोत्सव है। इस कार्निवल का आठवां संस्करण 17 फरवरी से शुरू होगा, 08 अप्रैल तक चलेगा। भारत पहली बार इस कार्निवल की मेजबानी करेगा।

वेंकैया नायडू ने NHB रेसिडेक्स का नया संस्करण जारी किया

हाउसिंग एंड शहरी मामलों के मंत्री एम वेंकैया नायडू ने राष्ट्रीय आवास बैंक के नई दिल्ली में अपने 30 वें वर्ष में प्रवेश के वार्षिक दिन पर एनएचबी रेसिडेक्स का नया संस्करण जारी किया है।

Click here to buy the e-Copy of Competition Power September Edition (Hindi)